रिपोर्ट की प्रति प्रेषित की एवं रेफरल खाद्य प्रयोगशाला से जांच कराये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। इस पर अभिहित अधिकारी संभाग स्तरीय (खाद्य सुरक्षा) एवं उप निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन–उदयपुर द्वारा पत्रांक/जौन/एफएसएसए/2018/230 दिनांक 29.01.2018 द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 नियम 2011 की धारा 36 की उपधारा 3(e) के तहत अभियोजन आवेदन प्रस्तुत किये जाने की अभियोजन स्वीकृति आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दी जाकर अधिकृत किया गया हैं जो कि दस्तावेज क्रमांक 17 अभियोजन स्वीकृति होकर रिकार्ड पर हैं। यह तथ्य निर्विवाद रूप से न्यायालय के समक्ष प्रकट होता है कि उक्त खाद्य पदार्थ मिथ्याछाप (Misbranded) हैं।

चूंकि हस्तगत प्रकरण में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर विक्रेता द्वारा निर्माता कम्पनी से माल खरीद करने का बिल प्रस्तुत नहीं करने से निर्माता कम्पनी को प्रकरण में पक्षकार नहीं बनाया गया है किन्तु अप्रार्थीगण तथा उनके अधिवक्ता ने मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्माता कम्पनी अनुपम एक्वा प्राईवेट लि. से माल खरीद करने का बिल इनवॉईस नम्बर 26 दिनांक 16.04.2017 प्रस्तुत करना बताते हुए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण में जान–बुझकर निर्माता कम्पनी को पक्षकार नहीं बनाने का कथन किया हैं साथ ही अपने जवाब के संलग्न दस्तावेज के रूप में उक्त खाद्य पदार्थ Sweetned Carbonated Beverage (RJ-14Cola) के क्रय का बिल इनवॉईस नम्बर 26 दिनांक 16.04.2017 प्रस्तुत किया है जिसके माध्यम से अप्रार्थी संख्या 2 ने निर्माता कम्पनी से उक्त खाद्य पदार्थ Sweetned Carbonated Beverage (RJ-14Cola) का क्रय किया हैं।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) एवं 27 (2) (d) एफ. एस. एस. एक्ट, 2006 खारिज किया जाता हैं तथा अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में निर्माता कम्पनी को भी पक्षकार संयोजित कर नए सिरे से आवेदन पेश करावें। निर्णय की प्रति अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौड़गढ़ को पालनार्थ भिजवाई जावे।

'निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(गितेश श्री मालवीय)
न्याय निर्णयन अधिकारी
एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
जिला चित्तौड़गढ़